**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 10-05-2005**

**Participants : Sajjan Kumar Shri**

Title: Need to take steps for uninterrupted supply of power in Delhi.

**श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली)** : अध्यक्ष महोदय, राजधानी सरकार दिल्ली ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए राजधानी क्षेत्र में बेहतर बिजली व्यवस्था के लिये निजीकरण किया था तथा निजी बिजली वितरण कंपनियों यानि बी0एस0ई0एस और एन0डी0पी0एल से यह अपेक्षा की थी कि शहर में बिजली की व्यवस्था ठीक कर दी जायेगी लेकिन व्यवस्था और बदत्तर हो गयी है। आम जनता को घंटों बिजली के ब्रेकडाउन सहने पड रहे हैं। विशोकर अनाधिकृत कालोनियों, पुनवार्सित कालोनियों और गांवों मे हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। जिस उद्देश्य के लिए दिल्ली में बिजली का निजीकरण किया गया था, निजी कंपिनयां बीएसइएस और एनडीपीएल उसमें सफल होती प्रतीत नहीं होती। ग्रीम ऋतु ने अपना प्रभाव अभी पूरी तरह से नहीं दिखाया है तब हालात इतने खराब हो गए हैं। भविय में हालत और गंभीर होने की संभावना है।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वे इस मामले में हस्तक्षेप कर आने वाले दिनों बिजली की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करे।